# योगी ने स्विट्जरलैंड को प्रदेश में निवेश के लिए किया आमंत्रित

**स्विट्जरलैंड के राजदूत ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की**

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्विट्जरलैंड को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया है। स्विट्जरलैंड के राजदूत डॉ. रैल्फ हेकनर ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात की। दोनों के बीच उत्तर प्रदेश और स्विट्जरलैंड के संबंधों को मजबूत करने के लिए औद्योगिक निवेश और पर्यटन गतिविधियों के आदान-प्रदान पर बात हुई।

हेकनर से मुलाकात में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और स्विट्जरलैंड के सुदृढ़ संबंध हैं। मुख्यमंत्री ने स्विट्जरलैंड को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि प्रदेश में निवेश की असीमित संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार ने निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए



विभिन्न नीतियां तय की है। प्रदेश में विदेशों से निवेश को आकर्षित करने के लिए सकारात्मक माहौल बनाया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जेवर और कुशीनगर में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे स्थापित किए जा रहे हैं। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर का निर्माण स्विट्जरलैंड की कंपनी ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में वाराणसी, अयोध्या, मथुरा, प्रयागराज आदि तीर्थ स्थल हैं। प्रदेश में पर्यटन विकास की अनेक संभावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत उद्योग जगत को राहत प्रदान की गई। इससे बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित हुए।

स्विट्जरलैंड के राजदूत ने उत्कृष्ट कोविड प्रबंधन के लिए मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राज्य में निवेश अनुकूल माहौल सृजित हुआ है। उन्होंने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विकास में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। हेकनर ने भारत की ओर से अन्य देशों को कोविड-19 वैक्सीन उपलब्ध कराने की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आए स्विट्जरलैंड के पर्यटक यहां से काफी प्रभावित हुए हैं।